कृपया प्रकाशनार्थ **23 दिसंबर 2011**

प्रकाश जावडेकर के सांसद कोष से बोरीवली में घुमंतू समाज के लिए व्यायाम शाला

मुंबई, शुक्रवार :''पूरे भारत के साथ - साथ महाराष्ट्र में भी घुमंतु जाति के लाखों लोग रहते हैं. इनमें सरोदे, गोंधली, जोशी, वडार, वंजारी, धनगर, गोसावी, पार्धी, गोपाल आदि प्रमुख हैं. चूंकि ये जातियां घुमंतु हैं. इनका निवास आज यहां तो कल वहां तो परसों न जाने कहां कहां, इसलिए इनकी जनगणना नहीं हो पाती. पश्चिमी मुंबई उपनगर के दहिसर से लेकर सांताक्रुज तक फैली इन जातियों के पास कहनेलायक अपना कोई ठिकाना नहीं था. आज अथक प्रयासों की वजह से इन घुमंतु जातियों के लिए महाराष्ट्र में दलितों के उद्धारक राजर्षि शाहू जी महाराज के नाम पर राजर्षि शाहू जी महाराज संस्कार केंद्र व व्यायामशाला का उद्‌घाटन हुआ है. हमें अत्यंत आनंद आ रहा है क्योंकि यह केंद्र अक्षरशः इन घुमंतु जातियों की खुद की है.'' इस केंद्र के उद्‌घाटन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत के पूर्व पेट्रोलियम मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री. राम नाईक ने इन शब्दों में अपना उद्‌गार व्यक्त किया.

श्री. राम नाईक ने आगे बोलते हुए कहा, ''इस केंद्र का निर्माण करने में काफी संघर्ष का सामना करना पड़ा है. इस सामाजिक केंद्र का जितना सुंदर निर्माण हुआ है इसके लिए किया गया संघर्ष उतना आसान नहीं रहा. मेरे अपने प्रयत्नों के साथ - साथ वेदप्रकाश गोयल, प्रकाश जावडेकर जैसे सांसद और श्री. विजय भाई गिरकर, श्री. हेमेंद्र महेता, श्री. गोपाल शेट्टी जैसे तीन विधायक एवं मोहन मिठबावकर, प्रवीण शहा और श्रीमती भारती केणी - शृंगारपुरे जैसे कर्मठ नगरसेवकों के आर्थिक मदद व अथक प्रयास से इस संस्कार केंद्र का निर्माण हुआ हैं. सरोदे समाज के उन्नती मंडल के अध्यक्ष श्री. सहदेव रसाल व महाराष्ट्र भाजपा युवा मोर्चा के सचिव श्री. गणेश खणकर ने बिना हार माने इस व्यायामशाला के लिए लगातार प्रयार जारी रखें."

बोरीवली के मागठाणे में फूल - पाखरु उद्यान में नवनिर्मित राजर्षि शाहू जी महाराज संस्कार के मंच पर वैसे तो राजनितिक नेता काफी संख्या में मौजूद थे पर इस इस केंद्र का उद्‌घाटन हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और बिछडे जातीओं के लिए काम करनेवाले अखिल भारतीय समरसता मंच के संयोजक कर्मवीर दादा इदाते के करकमलोंद्वारा. श्री. इदाते के भाषण ने इस पूरे कार्यक्रम को एक गहरे विचार करने योग्य कार्यक्रम में बदल दिया. और इन जातियों के बारे में कई चौकानेवाले तथ्य प्रस्तुत किए.

उपमहापौर श्रीमती शैलजा गिरकर, भाजपाा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री. रमेश मेढेकर, पूर्व विधायक श्री. हेमेंद्र महेता, भाजपा उत्तर मुंबई के अध्यक्ष श्री. जगदीश पटेल के भी इस अवसर पर भाषण हुए. घुमंतु विकास परिषद से संलग्न सरोदे समाज उन्नती मंडल के अध्यक्ष श्री. सहदेव रसाल ने प्रास्ताविक किया तो श्री. गणेश खणकर ने उपस्थितों को धन्यवाद दिया.

स्थानिक नागरिकों के साथ-साथ मुंबई के सैंकडो घुमंतु विशेषतः सरोदे समाजाचे के लोग तथा नगरसेवक सर्वश्री मोहन मिठबावकर, प्रवीण शहा, अशोक शहा, नगरसेविका श्रीमती भारती केणी-शृंगारपुरे, सर्वश्री जयप्रकाश ठाकुर, करुणाशंकर ओझा, उत्तम अग्रवाल, जयप्रकाश मिश्रा, श्रीकांत पांडे, दिलीप पंडित, सुनिल चव्हाण, पूर्व नगरसेविका श्रीमती हर्षवीणा साटम, सेना विभाग संघटक रश्मि भोसले, आदी मान्यवर भी उपस्थित थे.

(अध्यक्ष)